**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.07.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 राज्यसभा में पेश किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और परीक्षाओं में पारदर्शिता लिए प्रतिबद्ध है।
2. वंदे मातरम को राष्ट्रीय पहचान और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए संसद ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक किया पारित।
3. मेक इन इंडिया पहल के तहत एनसीसी कैडेटों को आत्मनिर्भर भारत और औद्योगिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों से कराया गया परिचित।
4. ऐतिहासिक स्थलों से लोगों को जोड़ने और विरासत आधारित पर्यटन को बढ़ावा देनेके लिए कालापानी ट्रेल हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

राज्यसभा में आज कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 सदन में प्रस्तुत किया। इस समय वे विधेयक पर सदन को संबोधित कर रहे हैं। लोकसभा ने कल यह विधेयक पारित कर दिया था। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा लोगों का विश्वास सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह विधेयक संसद में लाया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना और परीक्षा प्रणाली को कानूनी रूप से अधिक सशक्त बनाना है। विधेयक में नकल और परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए कई कड़े प्रावधान किए गए हैं। दोषी पाए जाने पर दस वर्ष तक के कारावास, दस करोड़ रुपये तक के जुर्माने तथा संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><>

संसद ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करना है। विधेयक के प्रवाधानों का उल्लंघन करने पर तीन वर्ष तक के कारावास, जुर्माना या दोनों की

सजा हो सकती है। विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक केवल एक विधायी संशोधन नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय पहचान और स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा की आवाज़ है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार 'नशा मुक्त भारत' और 'विकसित भारत 2047' के विज़न को साकार करने के लिए 'नशा मुक्त युवा – विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत करेंगे। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए, केंद्रीय युवा कार्यक्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश को नशा–मुक्त बनाने के लिए सभी आध्यात्मिक संगठन, कॉलेज, विश्वविद्यालय और 'मेरा भारत' के युवा एक मंच पर आ रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से एक अगस्त को श्री विजयपुरम स्थित जिला न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी और आपसी सहमति के आधार पर मामलों का समाधान किया जाएगा। जिन नागरिकों के मामले लंबित हैं, वे अपने विवादों से संबंधित आवेदन कल तक लिखित रूप में जिला विधि सेवा प्राधिकरण, श्री विजयपुरम के सचिव के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में आई ए एस वी त्रिवेणी पर समुद्री अभियान पूरा करने वाली महिला टीम से मुलाकात की और उनकी उपलब्धि तथा साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस टीम का सफल अभियान पूरे देश के लिए गर्व की बात है। श्री सिंह ने कहा कि महिला टीम ने न केवल समुद्री अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया, बल्कि इस उपलब्धि ने महिलाओं की क्षमता से जुड़ी रूढ़ियों को भी चुनौती दी है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में एन.सी.सी. की ओर से भारत सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार साहू ने किया। श्री साहू ने ऑटोमोबाइल, विमानन, जैव प्रौद्योगिकी, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति का उल्लेख किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों और कॉलेज के कर्मचारियों ने सहभागिता की।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने पर्यटन विभाग के सहयोग से आज कालापानी ट्रेल हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराना तथा विरासत आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना था। हेरिटेज वॉक की शुरुआत मजार पहाड़ से हुई। इसके बाद प्रतिभागी गवर्नमेंट प्रेस और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय होते हुए बैटल ऑफ एबरडीन मेमोरियल पहुंचे, जहां इसका समापन हुआ। कार्यक्रम में पर्यटकों, छात्रों, टूरिस्ट गाइड और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु दूसरे चरण की प्रवेश परामर्श प्रक्रिया पांच अगस्त को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार अंतिम मैरिट सूची के आधार पर इस परामर्श में शामिल हो सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पांच अगस्त को महाविद्यालय सभागार में सुबह साढ़े आठ बजे तक मूल प्रमाणपत्रों के साथ महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय में एलएल.बी. पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश केलिए तीसरे चरण की काउंसलिंग तीन अगस्त को आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग सुबह दस बजेकॉलेज के सभागार में शुरू होगी। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पात्र उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची कॉमन ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल औरकॉलेज के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। महाविद्यालय ने पात्र उम्मीदवारों सेनिर्धारित तिथि और समय पर सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होनेका अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आज महिला–नेतृत्व वाला विकासः विकसित भारत की कुंजी विषय पर युवा व्यवसायिक गोलमेज सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के करीब डेढ़ सौ युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित विकसित भारत युवा स्वयंसेवक कार्यक्रम और राष्ट्रीय युवासंसद में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया था।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम कल शाम साढ़े पांच बजे लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'हैलो डॉक्टर' का प्रसारण करेगा। इस कार्यक्रम में 'डेंटल इम्प्लांट्स और सामान्य मुख स्वास्थ्य' विषय पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन तथा इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. विशाल एस. नायर मौजूद रहेंगे, जो दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक फोन नंबर 245–662 और 244–745 पर कॉल कर कार्यक्रम मेंभाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

चेन्नई से रवाना हुआ जहाज एम वी स्वराज द्वीप के कल दोपहर करीब दो बजे राजधानी श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। इस जहाज पर लगभग छह सौ यात्री सवार हैं। जहाज हैडो जेट्टी पर पहुंचेगा। वापसी यात्रा में यह जहाज तीन अगस्त को सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए जहाज पर अतिरिक्त सामान चढ़ाने का कार्य दो अगस्त को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>